आकाशवाणी शिमला
19.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

पीएम–सिकल सेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार, सिकल सेल रोग से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रही है। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आज नरेंद्र मोदी ने इस बीमारी पर काबू पाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष, सरकार ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था और वह इस संबंध में जागरूकता पैदा करने, व्यापक जांच, रोग का जल्द पता लगाने और उचित देखभाल सहित अनेक पहलुओं पर काम कर रही है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार शीघ्र निदान को बढ़ावा देने, उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने और रोगियों की देखभाल बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

उपचुनाव

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में होने वाले उपचुनावों के लिए आज दो नामांकन पत्र दाखिल हुए। राज्य निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन के पांचवें दिन नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा ने अपना नामांकन पद दाखिल किया। इसी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की कवरिंग उम्मीदवार परमिंदर कौर बावा ने भी अपना नामांकन दाखिल किया जबकि देहरा व हमीरपुर विधानसभा क्षेत्रों में आज कोई भी नामांकन नहीं भरा गया। नामांकन पत्र 21 जून तक दाखिल किए जा सकेंगे जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को मतदान होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और कांग्रेस के विधायकों की संख्या 38 हो चुकी है। वे आज नालागढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नालागढ़ में धनवान गुणवान के बीच मुकाबला है और ये चुनाव राजनीतिक सुचिता व स्वच्छता के लिए है। उन्होंने कहा कि तीन पूर्व निर्दलीय विधायक अपना इमान बेचने के बाद भाजपा के गुलाम हो चुके हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनावों में जीत हासिल करेगी और जनता भाजपा के झूठ व फरेब को भलीभांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 16 महीने के कार्यकाल में 10 में से पांच गारंटियों को पूरा कर लिया है और सरकार सभी गारंटियों को पूरा कर 2027 तक हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएगी। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा को विजयी बनाने का भी लोगों से आग्रह किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

हषवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश में शिकायत निवारण समिति सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आज नाहन में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। हर्षवर्धन चौहान ने अधिकारियों को चंदोल उप मंडल के तहत आने वाली सभी पंचायतों की पीसी बस्तियों को उठाउ पेयजल योजना का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाला क्यार में उठाउ पेयजल व सिंचाई योजना को सुचारू करने और नेरी पुल–पुलवाहन सड़क को बलैक

स्पॉट को लेकर कार्य करने को भी कहा। बैठक में अवगत करवाया गया कि पावंटा साहिब उपमंडल के माजरा में मल निकासी योजना के लिए भूमि की आवश्यकता के लिए अनापत्ति प्रदान की जा चुकी है।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम ने करवट ली है और राजधानी शिमला सहित राज्य के कई जिलों में जोरदार वर्षा होने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। वर्षा से पेयजल संकट से निपटने में मदद मिलेगी और मक्की सहित अन्य फसलों की बिजाई के लिए ये वर्षा वरदान साबित होगी। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर गरज के साथ वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग ने निचले मैदानी क्षेत्रों में अंधड चलने का यलो अलर्ट भी जारी किया है।

प्रतिनिधिमंडल

अमेरिकी हाउस की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी और हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल सहित अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल ने आज हिमाचल प्रदेश के मैकलोडगंज में स्थित तिब्बती धर्म गुरू दलाई लामा के आवास पर भेंट की। दलाई लामा से भेंट करने के बाद अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल ने निर्वासित तिब्बती सरकार की ओर से दलाई लामा टेंपल में रखे गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की।

....